Series HRL/1

4ono.com

Code No. 32/1/1
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

For more previous year question papers visit
www.4ono.com

Candidates must write the Code No. on the title page of the answer-book.
विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

- Please check that this question paper contains **12** printed pages + **2** maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **29** questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m. the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जांच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** + **2** रेखा-मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जांच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **29** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्नपत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्नपत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्नपत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# SOCIAL SCIENCE

# सामाजिक विज्ञान

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 80*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 80*

***General Instructions :***

*(i) There are 29 questions in all. **All** questions are compulsory.*

*(ii) Marks for each question are indicated against the question.*

(iii) *Questions from serial number **1** to **10** are **1** mark questions. Answer of these questions may be from **one word** to **one sentence**.*

(iv) *Questions from serial number **11** to **18** are **3** marks questions. Answer of these questions should not exceed **80** words each.*

(v) *Questions from serial number **19** to **28** are **4** marks questions. Answer of these questions should not exceed **100** words each.*

(vi) *Question No. **29** is a map work question. Attach the map inside your answer book.*

**सामान्य निर्देश :**

(i) *कुल **29** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दिये गए हैं।*

(iii) *प्रश्न संख्या **1** से **10** तक के प्रश्न **एक-एक** अंक के हैं। इन प्रश्नों का उत्तर **एक शब्द** अथवा **एक वाक्य** से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

(iv) *प्रश्न संख्या **11** से **18** तक के प्रश्न **तीन-तीन** अंकों के हैं। इन प्रश्नों का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

(v) *प्रश्न संख्या **19** से **28** तक के प्रश्न **चार-चार** अंकों के हैं। इन प्रश्नों का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(vi) *प्रश्न संख्या **29** मानचित्र से संबंधित प्रश्न है। दिए गए मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के भीतर संलग्न कीजिए।*

**1.** Give the meaning of liberalism.

**Or**

Mention the main base of colonial economy of Vietnam.

उदारवाद का अर्थ बताइए।

**अथवा**

वियतनाम की औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था के मुख्य आधार का उल्लेख कीजिए।


4ono.com

2. Which are the *two* sources of fresh water in India ? ½+½=1

भारत में अलवणीय जल के दो स्रोत कौन से हैं ?

3. Name the *two* main ferrous minerals. ½+½=1

दो प्रमुख लौह खनिजों के नाम बताइए।

4. Where is the largest solar plant located in India ? 1

भारत में सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र कहां स्थित है ?

5. Mention the *two* major ethnic groups of Belgium. ½+½=1

बेल्जियम के दो प्रमुख जातीय समूहों का उल्लेख कीजिए।

6. How did Tommie Smith and John Carlos try to draw international attention to racial discrimination in the United States at the time of Olympics, held at Mexico city in 1968 ? 1

सन् 1968 में मैक्सिको सिटी में हुए ओलिम्पिक खेलों के समय टोमी स्मिथ और जॉन कार्लोस ने अमरीका में हो रहे रंगभेद के प्रति अन्तर्राष्ट्रीय बिरादरी का ध्यान किस प्रकार खींचने की कोशिश की ?

7. Why do some people, belonging to the same religion, often feel that they do not belong to the same community ? 1

एक ही धर्म को मानने वाले कुछ लोग प्रायः खुद को एक ही समुदाय का सदस्य क्यों नहीं मानते ?

8. What is the main criterion for comparing the development of different countries ? 1

विभिन्न देशों के विकास की तुलना का मुख्य आधार क्या है ?


4ono.com

9. Give the meaning of average income of a country. 1

एक देश की औसत आय का अर्थ बताइए।

10. What is meant by sustainability of development ? 1

विकास की धारणीयता का क्या अर्थ है ?

11. How did Romanticism seek to develop a particular form of nationalist sentiments during 18th century ? Explain. 3×1=3

**Or**

Why did French policy makers wanted to educate the people of Vietnam ? Explain. 3×1=3

अठारहवीं शताब्दी में रूमानीवाद किस प्रकार एक विशेष प्रकार की राष्ट्रीय भावना का विकास करना चाहता था ? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

फ्रांसीसी नीति निर्माता वियतनाम के लोगों को क्यों शिक्षित करना चाहते थे ? स्पष्ट कीजिए।

12. Describe any *three* features of Civil Disobedience Movement of 1930. 3×1=3

1930 के सविनय अवज्ञा आंदोलन की किन्हीं **तीन** विशेषताओं का वर्णन करिए।

13. Study the given passage and answer the questions that follow :

**The Independence Day Pledge, 26 January 1930**

'We believe that it is the inalienable right of the Indian people, as of any other people, to have freedom and to enjoy the fruits of their toil and have the necessities of life, so that they may have full opportunities of growth. We believe also that if any government deprives a people of these rights

4ono.COM

and oppresses them, the people have a further right to alter it or to abolish it. The British Government in India has not only deprived the Indian people of their freedom but has based itself on the exploitation of the masses, and has ruined India economically, politically, culturally and spiritually. We believe, therefore, that India must sever the British connection and attain Purna Swaraj or Complete Independence.'

(13.1) Why was it the inalienable right of the Indian people to have freedom ?

(13.2) How did British Govt. exploit the Indian masses ? Explain. 1+2=3

दिए गए अनुच्छेद का अध्ययन करिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**स्वतन्त्रता दिवस की शपथ, 26 जनवरी 1930**

'हमारा विश्वास है कि किसी भी समाज की तरह भारतीय जनता का भी यह एक अहरणीय (inalienable) अधिकार है कि उन्हें आज़ादी मिले, अपनी मेहनत का फल मिले, और जीवन की सभी आवश्यकताएँ पूरी हों, जिससे उन्हें आगे बढ़ने के परिपूर्ण अवसर मिलें। हमारा यह भी विश्वास है कि यदि कोई भी सरकार अपनी जनता को इन अधिकारों से वंचित रखती है और दबाती है तो जनता को भी सरकार को बदलने या उसे समूल समाप्त करने का अधिकार है। भारत में ब्रितानी सरकार ने न केवल भारतीय जनता को स्वतन्त्रता से वंचित किया है; बल्कि उसने जनता का शोषण किया है और देश को आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर नष्ट कर दिया है। इसलिए हमारा विश्वास है कि भारत को अनिवार्य रूप से ब्रिटेन के साथ अपने सभी संबंधों को समाप्त करके पूर्ण स्वराज प्राप्त करना चाहिए।'

(13.1) भारतीय जनता को आज़ादी प्राप्त करने का अहरणीय अधिकार क्यों था ?

(13.2) ब्रितानी सरकार ने भारतीय जनता का शोषण किस प्रकार किया ? व्याख्या कीजिए।

4ono.com

**Note : Below are given three groups – A, B and C for questions number 14 and 15. Select any *one* group for answering these two questions.**

**नोट : प्रश्न संख्या 14 और 15 के लिए नीचे क, ख और ग तीन समूह दिए गए हैं। इन दोनों प्रश्नों के उत्तर के लिए किसी एक समूह को ही चुनिए।**

### Group A

### समूह क

**14.** What is Group 77 ? Why did Group 77 countries demand a New International Economic Order ? Explain. 1+2=3

समूह 77 क्या है ? समूह 77 के देशों ने नई अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक प्रणाली की क्यों माँग की ? स्पष्ट करिए।

**15.** How did East India Company capture regular supply of cotton and silk goods from Indian weavers ? Explain. 3×1=3

ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय बुनकरों से सूती और रेशमी वस्तुओं की नियमित आपूर्ति पर किस प्रकार कब्जा जमा लिया ? स्पष्ट कीजिए।

### Group B

### समूह ख

**14.** Explain with examples that an average worker in the mid nineteenth century was not a machine operator but the traditional crafts person and labourer. 3×1=3

उन्नीसवीं सदी के मध्य का औसत मजदूर मशीनों पर काम करने वाला नहीं, बल्कि परंपरागत कारीगर और मजदूर था, उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

4ono.com

15. Mention various measures which were taken to decongest London in the nineteenth and twentieth centuries. 3×1=3

उन्नीसवीं और बीसवीं शताब्दियों में लंदन से भीड़भाड़ को कम करने के लिए उठाए गए विभिन्न उपायों का उल्लेख करिए।

## Group C

## समूह ग

14. Explain with examples the role of technology in helping to solve hardships of food availability throughout the world in late nineteenth century. 3×1=3

उन्नीसवीं सदी के अन्तिम चरण में संसार भर में व्याप्त खाद्य उपलब्धता की कठिनाई को हल करने में सहायक तकनीकी की भूमिका को उदाहरणों सहित स्पष्ट करिए।

15. How did the development of cities influence the ecology and environment in late nineteenth century ? Explain by giving an example of Calcutta (Kolkata). 3×1=3

उन्नीसवीं सदी के अन्तिम चरण में शहरों के विकास ने पारिस्थितिकी और पर्यावरण को किस प्रकार प्रभावित किया ? कलकत्ता (कोलकाता) का उदाहरण देते हुए स्पष्ट करिए।

16. Explain any *three* factors that affect the location of industries in a region. 3×1=3

किसी प्रदेश में उद्योगों की स्थिति को प्रभावित करने वाले किन्हीं **तीन** कारकों को स्पष्ट करिए।

17. Explain, how power is shared among different organs of government. 3×1=3

शासन के विभिन्न अंगों के बीच किस प्रकार सत्ता का बंटवारा होता है, स्पष्ट कीजिए।

18. How did consumer movement arise in India ? Explain. 3×1=3

भारत में उपभोक्ता आंदोलन किस प्रकार शुरू हुआ ? स्पष्ट करिए।


4ono.com

19. "Print did not only stimulate the publications of conflicting opinions among different communities but also connected them in nineteenth century in India." Support the statement with examples. 4×1=4

**Or**

"Prem Chand's novels are filled with all kinds of powerful characters drawn from all levels of society." Support the statement by giving suitable examples. 4×1=4

''भारत में उन्नीसवीं शताब्दी में मुद्रण ने न केवल विभिन्न समुदायों के विरोधाभासी विचारों के प्रकाशन को प्रेरित किया; अपितु उन्हें आपस में जोड़ा भी।'' इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि करिए।

**अथवा**

''प्रेमचंद के उपन्यासों में समाज के हर स्तर से आए नानाविध शक्तिशाली चरित्र हैं।'' उपयुक्त उदाहरण देते हुए कथन की पुष्टि करिए।

20. Classify resources, on the basis of exhaustibility in two groups. Mention *three* characteristics of each. 1+1½+1½=4

समाप्यता के आधार पर संसाधनों को दो वर्गों में वर्गीकृत करिए। प्रत्येक वर्ग की *तीन-तीन* विशेषताएँ बताइए।

21. Look at the picture carefully and answer the questions that follow : 1+2+1=4






4010.COM

(21.1) Name the crop shown in the picture.

(21.2) Write climatic conditions required for cultivation of this crop.

(21.3) Name two major producing states of this crop.

निम्नांकित चित्र को सावधानीपूर्वक देखिए और इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :



(21.1) चित्र में दिखाई गई फसल का नाम बताइए।

(21.2) इस फसल को उगाने के लिए आवश्यक जलवायविक दशाएं लिखिए।

(21.3) इस फसल के दो प्रमुख उत्पादक राज्यों के नाम बताइए।

**Note :** The following question is for the **Blind Candidates** only, in lieu of question number 21.

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर है।

Explain any *four* characteristics of commercial farming in India. 4×1=4

भारत में वाणिज्यिक कृषि की किन्हीं **चार** विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

**22.** Why is road transport more useful than rail transport in India ? Explain *four* reasons. 4×1=4

भारत में सड़क परिवहन, रेल परिवहन से अधिक उपयोगी क्यों है ? **चार** कारण स्पष्ट करिए।


4ono.com

23. How do social divisions affect politics ? Explain with examples. 4×1=4

सामाजिक भेदभाव किस प्रकार राजनीति को प्रभावित करते हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट करिए।

24. How do pressure groups influence politics ? Explain with examples. 4×1=4

दबाव समूह राजनीति पर किस प्रकार प्रभाव डालते हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट करिए।

25. "Democracies lead to peaceful and harmonious life among citizens." Support this statement with examples. 4×1=4

''लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाएँ शान्ति और सद्भाव का जीवन जीने में नागरिकों के लिए मददगार साबित होती है।'' इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि करिए।

26. What is an organised sector ? Describe its working conditions. 1+3=4

संगठित क्षेत्रक क्या होता है ? संगठित क्षेत्रक की कार्य-स्थितियों का वर्णन कीजिए।

27. Why are transactions made in money ? Explain with suitable examples. 4

खरीददारी मुद्रा के माध्यम से क्यों होती है ? उपयुक्त उदाहरणों सहित स्पष्ट करिए।

28. "Globalisation and competition among producers has been of advantage to the consumers." Give arguments in support of this statement. 4

''वैश्वीकरण और उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा से उपभोक्ताओं को लाभ हुआ है।'' इस कथन के पक्ष में तर्क दीजिए।

29. Six features with serial numbers (i) to (vi) are marked in the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map. 6×1=6

(i) A region of large scale industries in 1931

(ii) An important centre of overseas trade during 17th century.

(iii) A bauxite mine


4ono.com

(iv) A mica mine

(v) A cotton textile centre

(vi) A terminal city of East-West Corridor

**Or**

Locate and label the following on the given political outline map of India : 6×1=6

(i) Madras (Chennai)

(ii) Dandi

(iii) Rihand – dam

(iv) Kaiga – nuclear power plant

(v) Vishakhapatnam – iron and steel plant

(vi) Srinagar – software technology park

दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में संख्या (i) से (vi) मदें अंकित की गई हैं। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन मदों को पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र में अंकित रेखाओं पर लिखिए :

(i) 1931 में बड़े पैमाने के उद्योगों का एक प्रदेश

(ii) सत्रहवीं सदी में विश्व व्यापार का एक महत्वपूर्ण केन्द्र

(iii) एक बाक्साइट खान

(iv) एक अभ्रक खान

(v) एक सूती वस्त्र उद्योग केन्द्र

(vi) पूर्व-पश्चिम गलियारे का अन्तिम नगर

**अथवा**

भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित की स्थिति दिखाइए और उनके सही नाम लिखिए :

(i) मद्रास (चेन्नई)

(ii) दांडी

(iii) रिहन्द – बाँध

(iv) कैगा – आणविक ऊर्जा संयंत्र

(v) विशाखापत्तनम – लोहा और इस्पात संयंत्र

(vi) श्रीनगर – सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

**Note :** The following questions are for the **BLIND CANDIDATES ONLY**, in lieu of question number 29.

(29.1) Name the place where Indian National Congress Session was held in 1927.

(29.2) Name the large scale industrial region located on western coast during 1931.

(29.3) In which state is Kaiga nuclear power plant located ?

(29.4) Name the state where Vishakhapatanam iron and steel plant is located.

(29.5) Name the major mica mine of Andhra Pradesh.

(29.6) Name the western terminal city of East-West Corridor. 6×1=6

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं।

(29.1) उस स्थान का नाम बताइए जहाँ सन् 1927 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ?

(29.2) सन् 1931 के दौरान पश्चिमी तट पर स्थित बड़े पैमाने के औद्योगिक प्रदेश का नाम बताइए।

(29.3) कैगा आणविक ऊर्जा संयंत्र किस राज्य में स्थित है।

(29.4) उस राज्य का नाम बताइए, जिसमें विशाखापत्तनम लोहा और इस्पात संयंत्र स्थित है।

(29.5) आन्ध्र प्रदेश की प्रमुख अभ्रक खान का नाम बताइए।

(29.6) पूर्व-पश्चिम गलियारे के सबसे पश्चिमी शहर का नाम बताइए।


**For more previous year question papers visit :**

**www.4ono.com**

4ono.com

Q. No. 29

**Outline Map of India (Political)**




4ono.com


Cut Here — यहाँ से काटें — Cut Here — यहाँ से काटें

**Or**

**अथवा**

Q. No. 29

**Outline Map of India (Political)**





4ono.com